# किलकारी

बिहार बाल भवन

सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना– 800004

## सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) हेतु निविदा आमंत्रण

बिहार बाल भवन 'किलकारी' के सभी प्रमण्डल बाल भवन (पटना, भागलपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णियाँ, गया, सारण, मुंगेर एवं सहरसा) की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) की आवश्यकता है। इच्छुक, निबंधित एवं अनुभवी एजेन्सी/फर्म/कम्पनी से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह दिनों के अंदर मुहरबंद लिफाफे में अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय निविदा हाथों–हाथ, निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से किलकारी बिहार बाल भवन, सैदपुर, राजेन्द्रनगर पटना– 800004 के पते पर भेज सकते है। निविदा से संबंधित प्रपत्र एवं दिशा–निर्देश किलकारी वेबसाइट www.kilkaribihar.in से प्राप्त कर सकते हैं।

दूरभाष सं० 9031845710

(वेद प्रकाश)

प्रशासी पदाधिकारी

# किलकारी
## बिहार बाल भवन
(शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्थापित संस्था)

**सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004**

Email:Kilkari2008@yahoo.in, Website: www.kilkaribihar.in, Contact No: 9835224919, 0612-2661211


## किलकारी बिहार बाल भवन परिसर की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) की सेवा से संबंधित निविदा आमंत्रण

'किलकारी बिहार बाल भवन', शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्थापित संस्था है। यह 8 से 16 वर्ष उम्र के बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए कार्य कर रही है। किलकारी बिहार बाल भवन का सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना में राज्य कार्यालय है तथा वर्तमान में बिहार के विभिन्न प्रमण्डलों में किलकारी बिहार बाल भवन का शाखा संचालित है।

'किलकारी' बिहार बाल भवन के विभिन्न प्रमण्डल स्तरीय शाखाओं (पटना, भागलपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णियाँ, गया, सारण, मुंगेर एवं सहरसा) में आउटसोर्सिंग के तहत सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) हेतु निम्नांकित सेवा शर्तो के आलोक में इच्छुक सेवा प्रदाता प्रतिष्ठाण से निविदा आमंत्रित की जा रही हैः–

**(क) निविदा प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ :–**

| क्र. सं. | सूचना | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | – |
| 2 | प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | **तिथिः** प्रकाशन की तिथि से पाँचवे दिन<br>**समयः** 03:00 बजे अपराह्न<br>**स्थानः** बिहार बाल भवन किलकारी, सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना कार्यालय का बैठक कक्ष |
| 3 | निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से पन्द्रहवे दिन<br>**समयः 06:00** बजे अपराह्न तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 16वें दिन<br>**समयः 03:00 बजे**<br>**स्थानः** बिहार बाल भवन किलकारी, सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना कार्यालय |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | इस संबंध में सूचित किया जाएगा। |

**नोटः–** समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशन होने के बाद उपरोक्त कार्यो के लिए तिथि के संबंध में किलकारी के वेबसाईट www.kilkaribihar.in पर सूचित किया जाएगा।

**(ख) निविदा से संबंधित दिशा–निर्देश एवं सामान्य शर्तें–**

1 बिहार बाल भवन 'किलकारी' के सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) की सेवा हेतु इच्छुक, निबंधित एवं अनुभवी एजेन्सी/फर्म/कम्पनी से निविदा आमंत्रित की जा रही है।

2 **प्री–बीड मीटिंग**– निर्धारित तिथि को निविदा से संबंधित बिन्दुओं पर किसी भी तरह की स्पष्टता के लिए प्री–बीड मीटिंग किलकारी बिहार बाल भवन, सैदपुर, पटना में रखी जाएगी। इच्छुक एजेन्सी/फर्म इस प्री–बीड मीटिंग में सम्मिलित होकर निविदा से संबंधित नियम एवं शर्त्तों की जानकारी पर स्पष्टता प्राप्त कर सकते हैं।

3 **तकनीकी एवं वित्तीय निविदा जमा करने**– विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से निर्धारित अवधि/तिथि के अन्दर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र में भरकर दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में (द्वि–लिफाफा पद्धति) रखकर एक बड़े लिफाफे के अन्दर डालकर हाथों–हाथ, निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से किलकारी बिहार बाल भवन, सैदपुर, पटना–800004 के पते पर भेज सकते हैं। लिफाफे के ऊपर ''सुरक्षा गार्ड हेतु निविदा'' लिख दें।

4 **निविदा खोलने**– तकनीकी एवं वित्तीय निविदा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से निर्धारित दिन/तिथि को खोली जाएगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके अधिकतम दो अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

5 तकनीकी निविदा में चयनित निविदादाता के स्थल सत्यापन के लिए बिहार बाल भवन किलकारी स्वतंत्र होगा।

6 तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आदि के आधार पर अंतिम रूप से चयनित निविदादाता एवं किलकारी के बीच रु. 1,000/- (एक हजार रूपये) मात्र के नन्–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा हस्ताक्षरित किया जाएगा। एकरारनामा हेतु स्टाम्प पेपर का क्रय निविदादाता द्वारा किया जाएगा। एकरारनामा का प्रारूप निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न है।

7 निविदा से संबंधित तकनीकी निविदा प्रपत्र– अनुलग्नक–1, वित्तीय निविदा प्रपत्र– अनुलग्नक–2 तथा एकरारनामा प्रारूप– अनुलग्नक–3 , प्राथमिकता के बिन्दु का प्रपत्र–अनुलग्नक–4 के रूप में हैं।

8 निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत करने का संपूर्ण अधिकार निदेशक, बिहार बाल भवन 'किलकारी' का होगा।

9 अंतिम रूप से चयनित निविदादाता को पटना के अलावा बिहार के अन्य प्रमंडलों में संचालित बिहार बाल भवन किलकारी की शाखाओं में भी सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) की सेवा ली जाएगी। इसके लिए संबंधित प्रमंडल मुख्यालयों में निविदादाता का स्थानीय कार्यालय होने चाहिए।

10 चयनित सेवा प्रदाता एजेंसी के साथ प्रथम एकरारनामा/अनुबंध एक वर्ष के लिए होगा। एक वर्ष बाद सेवा/कार्य संतोषजनक पाये जाये के उपरांत अनुबंध की अवधि को बढ़ाया जा सकेगा। परन्तु इस संबंध में अंतिम निर्णय निदेशक, बिहार बाल भवन 'किलकारी' का होगा।

11 निविदा से संबंधित सूचना की अद्यतन जानकारी किलकारी बिहार बाल भवन के वेबसाइट www.kilkaribihar.in से प्राप्त कर सकते हैं।

12 किसी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में विवाद का निपटारा क्षेत्र माननीय व्यवहार न्यायालय पटना ही मान्य होगा।

(ग) तकनीकी निविदा में भाग लेने के लिये निम्नलिखित शर्त अनिवार्य है:–

| क्र. सं. | पात्रता का आधार | पात्रता की शर्तें | संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1 | सेवा प्रदाता एजेंसी का निबंधन | सेवा प्रदाता एजेंसी को कम–से–कम तीन (3) वर्ष या उससे अधिक ट्रस्ट अधिनियम या सोसाइटी अधिनियम में एन.जी.ओं., पार्टनरशिप अधिनियम. एल. एल.पी. अधिनियम, कंपनी अधिनियम या व्यक्तिगत रूप में शॉप एंड एस्टाब्लिशमेंट अधिनियम में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | पंजीकृत का प्रमाण पत्र की कॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 2 | कार्यालय / शाखा | एजेन्सी / फर्म का पटना में स्थानीय कार्यालय होना आवश्यक है। | निविदादाता को पटना में स्थानीय कार्यालय होने से संबंधित पत्राचार पता की विस्तृत विवरणी एवं फोटोग्राफी का स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करेंगे। |
| 3 | PAN Card | सेवा प्रदाता का PAN Card होना आवश्यक है। | दस्तावेज संलग्न करें। |
| 4 | ई.पी.एफ. | ई.पी.एफ. के अंर्तगत कम से कम तीन वर्ष पूर्व से निबंधित होना अनिवार्य है। | ई.पी.एफ. के अर्न्तगत निबंधित होने का प्रमाण। |
| 5 | ई.एस.आई.सी | ई.एस.आई.सी के अंर्तगत कम से कम तीन वर्ष पूर्व से निबंधित होना अनिवार्य है। | ई.एस.आई.सी. के अर्न्तगत निबंधित होने का प्रमाण। |
| 6 | ई.एस.आई.सी | एजेन्सी के कर्मियों का ESIC अंशराशि जमा करने का प्रमाण संलग्न करना होगा। | वित्तीय वर्ष 2025–26 में कर्मियों का ESIC अंशदान जमा करने का साक्ष्य के रूप में ECR (Return Statement) & Challan (Payment Confirmation Receipt) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 7 | ई.पी.एफ. | एजेन्सी के कर्मियों का EPF जमा करने का प्रमाण संलग्न करना होगा। | वित्तीय वर्ष 2025–26 में कर्मियों का EPF अंशदान जमा करने का साक्ष्य के रूप में ECR (Return Statement) & Challan (Payment Confirmation Receipt) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 8 | PSARA License | सेवा प्रदात्ता का तीन वर्ष पूर्व से वर्तमान में बिहार राज्य के लिए वैध PSARA License होना आवश्यक है। | प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। |
| 9 | कार्यानुभव | सेवा प्रदात्ता का संबंधित क्षेत्र में कम से कम तीन वर्षों का कार्यानुभव होना आवश्यकता है। | कार्यानुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 10 | जी.एस.टी | जी.एस.टी के तहत निबंधन | जी.एस.टी. की रजिस्ट्रशन कॉपी एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 का GST रिर्टन की कॉपी। (दो त्रिमासी रिर्टन) |

| क्र. सं. | पात्रता का आधार | पात्रता की शर्तें | संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 11 | आयकर रिर्टन | सेवा प्रदाता को अंतिम तीन वित्तीय वर्षों से संबंधित कर निर्धारण वर्ष के आयकर रिटर्न जमा करने का प्रमाण देना होगा। (AY 2023-24, AY 2024-25, AY 2025-26) | कर निर्धारण वर्ष में आयकर रिर्टन जमा करने का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 12 | कुल टर्न ओवर | सेवा प्रदाता को पिछले तीन वर्षों का (वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25) का कुल औसत टर्न ओवर एक करोड़ रूपये या उससे अधिक होना आवश्यक है। | Chartered Accountants के Audited Balance sheet & PL Accounts को साक्ष्य के रूप में संलग्न करना आवश्यक है। |
| 13 | काली सूची | सेवा प्रदाता को किसी केन्द्रीय या राज्य सरकार की संस्था/सार्वजनिक संस्था द्वारा काली सूची में दर्ज न हो। | निविदादाता एजेंसी/कंपनी को इस संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। शपथ पत्र की मूल प्रति संलग्न करेंगे। |
| 14 | निविदा डालने की विहित शुल्क | निविदा के साथ रु० 5,000.00 रूपये (पाँच हजार रूपये) मात्र की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट निविदा शुल्क के रूप में जमा करना होगा। ड्राफ्ट "बिहार बाल भवन किलकारी" के नाम से होना चाहिए, जो पटना में भुगतेय हो। यह राशी वापसी योग्य नहीं होगा। | रु० 5,000.00 रूपये (पाँच हजार रूपये) मात्र की राशि का बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति। |
| 15 | पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत वैध आचरण प्रमाण पत्र | निविदादाता एजेन्सी के अधिकृत व्यक्ति का पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत वैध आचरण प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। | पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत वैध आचरण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना है। |
| 16 | सेक्योरिटी मनी | सफल निविदादाता को एक मुस्त रू. 6,00,000/–(छः लाख रूपये) मात्र की राशि, कार्य निष्पादन सुरक्षा जमा राशि (Work Performance Security Deposit Money) के तहत डिमांड ड्राफ्ट के रूप में बिहार बाल भवन किलकारी कार्यालय, पटना में एक सप्ताह के अन्दर जमा करनी होगी जो "बिहार बाल भवन किलकारी" के नाम से होना एवं पटना में भुगतेय होगा। यह बिना किसी ब्याज का होगा। | चयनित होने के उपरान्त सेक्योरिटी मनी की निर्धारित राशि ससमय जमा करने हेतु सहमत होने का शपथ पत्र की मूल प्रति संलग्न करना है। |

## (घ) वित्तीय निविदा से संबंधित

1. सेवा शुल्क (सभी संव्यवहार शुल्क सहित) केवल प्रतिशत में भरें।
2. सेवा शुल्क का प्रतिशत अंक एवं शब्द दोनों में अंकित करें। सेवा शुल्क का प्रतिशत दशमलव के बाद दो अंक तक ही मान्य होगा।
3. स्पष्ट एवं बिना काट–छाँट किया हुआ वित्तीय निविदा ही मान्य होगा।
4. किलकारी में सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) का दैनिक मजदूरी/मानदेय की राशि बिहार सरकार के श्रम विभाग द्वारा सितम्बर, 2025 में जारी न्यूनतम दैनिक मजदूरी दर के आधार पर किया जायेगा।
5. सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) बिहार सरकार द्वारा निर्धारित कुशल श्रेणी के अनुसार होंगे।
6. वित्त विभाग के पत्रांक–2988 दिनांक–23.03.2023 के आलोक में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा शुल्क न्यूनतम 3.85 प्रतिशत (3 प्रतिशत लाभ और 0.85 प्रतिशत संव्यवहार शुल्क के रूप में) तथा 7 अधिकतम प्रतिशत (संव्यवहार शुल्क सहित) होगी। निविदा दाता एजेन्सी इसी दर के बीच में अपना सेवा शुल्क वित्तीय प्रस्ताव में डालेंगे। यह वित्तीय दर तुलनात्मक का आधार होगा।
7. जी.एस.टी. दर बिहार राज्य में निर्धारित श्रेणी के अनुसार देय होगा।
8. निविदादाता द्वारा भरा गया सेवा शुल्क में अनुबंध अवधि में किसी प्रकार का परिर्वतन नही किया जायेगा।

## (ड़) निविदा निष्पादनः–

1. इस निविदा में भाग लेने के लिए Joint Venture/ Consortium मान्य नहीं है।
2. सेवा प्रदाता को डबल बीड सिस्टम के तहत तकनीकी बीड व वित्तीय बीड अलग–अलग मुहरबंद बीड डालना होगा।
3. निविदा से संबंधित किसी भी सवाल का स्पष्टीकरण प्री–बीड मीटिंग में क्रय समिति द्वारा दिया जा सकेगा।
4. निविदा क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी तथा उसका निर्णय अंतिम होगा।
5. निविदा के समय जमा किये जाने वाले सभी कागजात स्वहस्ताक्षरित होना चाहिए जिसे स्वसत्यापित माना जायेगा।
6. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता का एक पैनल तैयार किया जाएगा।
7. कार्य के लिए चयनित एजेन्सी द्वारा सेवा नही देने या किलकारी में एक से अधिक एजेन्सी से सेवा लेने की आवश्यकता की स्थिति में पैनल के अन्य मेसर्स से सेवा लिया जा सकेगा।
8. एक से अधिक निविदादात्ता से वित्तीय निविदा में अंकित दर समान एवं न्यूनतम होने पर प्राथमिकता के आधार पर वरीय पाये जाने वाले निविदादाता के साथ कार्य आवंटित किया जायेगा।
9. प्राथमिकता की जानकारी निविदादाता की क्षमता के आधार पर तय किये गये बिन्दु के माध्यम से किया जाएगा जो अनुलग्नक–4 के प्रपत्र में अंकित है। अनुलग्नक–4 में अंकित जानकारी निविदादाता स्पष्ट रूप से भरेंगे अन्यथा संबंधित विवरणी के आधार पर न्यूनतम माना जाएगा।
10. सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी एवं उसमें सफल निविदादाताओं के आधार पर ही वित्तीय प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा।
11. वित्तीय निविदा, तकनीकी निविदा के खोले जाने वाले दिन से अलग भी हो सकते हैं।

## सुरक्षा गार्ड की सेवा हेतु तकनीकी निविदा प्रपत्र

| क्र. सं. | निविदादाता एजेंसी से संबंधित जानकारी | निविदादाता एजेंसी की प्रतिक्रिया | प्रतिक्रिया से संबंधित संलग्नक/ दस्तावेज का पेज नं० |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदादाता एजेंसी का पूरा नाम | | |
| 2. | रजिस्टर्ड ऑफिस का पूरा पता | | |
| 3. | रजिस्टर्ड ऑफिस का टेलीफोन, मोबाईल, इमेल–आईडी | | |
| 4. | निविदादाता एजेन्सी का स्थानीय कार्यालय, बिहार, पटना में होना अनिवार्य है जिसका पूरा पता अंकित करें एवं फोटो संलग्न करें। | | |
| 5. | एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम, पदनाम, पूरा पता, मोबाईल नंबर एवं इमेल आईडी | | |
| 6. | निविदिदाता एजेंसी के अधिकृत व्यक्ति का नाम, पदनाम, मोबाईल नंबर एवं इमेल आईडी (जो एजेंसी के तरफ से हस्ताक्षर हेतु अधिकृत होगें) | | |
| 7. | एजेंसी के रजिस्ट्रेशन का पंजीयन संख्या एवं तिथि (पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | | |
| 8. | एजेंसी के पंजीकृत होने का प्रकार (कम्पनी / एल.एल.पी. / सोसाईटी / ट्रस्ट / प्रोपराईटर) | | |
| 9. | एजेंसी का कम–से–कम तीन (03) वर्षों का अनुभव होने का प्रमाण–पत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | | |
| 10. | एजेंसी का कर निर्धारण वर्ष के आयकर रिर्टन जमा करने का प्रमाण की प्रति (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | कर निर्धारण वर्ष 2023–24 ..........................<br>कर निर्धारण वर्ष 2024–25 ..........................<br>कर निर्धारण वर्ष 2025–26 .......................... | |
| 11. | एजेंसी का न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर एक करोड़ होना चाहिए (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | वित्तीय वर्ष 2022–23 ..........................<br>वित्तीय वर्ष 2023–24 ..........................<br>वित्तीय वर्ष 2024–25 .......................... | |
| 12. | आयकर (सम्बंधित PAN नंबर) (पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | | |
| 13. | GST निबंधन संख्या एवं तिथि (पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | | |

| क्र. सं. | निविदादाता एजेंसी से संबंधित जानकारी | निविदादाता एजेंसी की प्रतिक्रिया | प्रतिक्रिया से संबंधित संलग्नक / दस्तावेज का पेज नं० |
|---|---|---|---|
| 14. | ESIC (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) का पंजीयन संख्या एवं तिथि (पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | | |
| 15. | EPF (कर्मचारी भविष्य निधि) पंजीयन संख्या एवं तिथि (पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | | |
| 16. | वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर्मियों का ESIC अंशदान जमा करने का साक्ष्य के लिए अक्टूबर माह 2025 का ECR (Return Statement) & Challan (Payment Confirmation Receipt) की प्रति। साथ में अंकित करें कि एजेंसी द्वारा कुल कितने कर्मियों का ESIC अंशदान जमा किया गया। | | |
| 17. | वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर्मियों का EPFअंशदान जमा करने का साक्ष्य के लिए अक्टूबर माह 2025 का ECR (Return Statement) & Challan (Payment Confirmation Receipt) की प्रति। साथ में अंकित करें कि एजेंसी द्वारा कुल कितने कर्मियों का EPF अंशदान जमा किया गया। | | |
| 18. | निविदादाता एजेंसी का 3 वर्ष पूर्व से वर्तमान में बिहार राज्य के लिए वैध PSARA License (Private security agencies regulation Act) की प्रति संलग्न करें। | | |
| 19. | निविदादाता एजेंसी किसी केन्द्रीय या राज्य सरकार की संस्था/ सार्वजनिक संस्था द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र की मूल प्रति संलग्न करें। | | |
| 20. | निविदादाता एजेन्सी के अधिकृत व्यक्ति का पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत वैध आचरण प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति। (जो तीन माह से अधिक का पुराना न हो) | | |
| 21. | निविदा डालने का निर्धारित शुल्क राशि रु० 5,000/– (पाँच हजार रुपये) मात्र | बैंक ड्राफ्ट निर्गत करने वाले बैंक का नामः<br>बैंक ड्राफ्ट संख्याः<br>बैंक ड्राफ्ट तिथिः<br>बैंक ड्राफ्ट "बिहार बाल भवन किलकारी" के नाम से है–<br>बैंक ड्राफ्ट पटना में भुगतेय है?–<br>बैंक ड्राफ्ट की राशिः रु० ................<br>(राशि शब्दों में ............................) | |
| 22 | सेक्योरिटी मनी– कार्य के लिए चयनित होने पर एजेन्सी सेक्योरिटी मनी के रूप में एक मुस्त 6 (छः) लाख रूपये किलकारी को डी.डी. के रूप में निर्धारित समय के अन्दर जमा करेगी। इस हेतु शपथ–पत्र की मूल प्रति संलग्न करना है। | | |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरी जानकारी के अनुसार उपरोक्त दी गयी सूचनाएं पूर्ण एवं सही हैं। मैं जानता हूँ कि दिए गए विवरण में कोई भी सूचना या जानकारी गलत पाया जाता है तो अनुबंध को निरस्त किया जा सकता है एवं भविष्य में मेरी एजेन्सी/फर्म को ब्लैक–लिस्टेड किया जा सकता है तथा जमानत राशि जप्त की जा सकती है।

एजेन्सी/फर्म का नामः.......................................................................................................

अधिकृत व्यक्ति का नामः.....................................................................................................

हस्ताक्षर (मुहर सहित):.......................................................

दिनांक :..........................................

अनुलग्नक–2

# सुरक्षा गार्ड की सेवा देने हेतु
# वित्तीय निविदा प्रपत्र

एजेन्सी का नाम/फर्म/कंपनी :

पता :

मोबाईल नं. :

| क्र0 सं0 | विवरणी | प्रतिशत | दर (रूपये में) प्रति सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) प्रतिदिन (अंक एवं शब्द दोनों में अंकित करें) |
|---|---|---|---|
| 1 | कुशल सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) महिला/पुरूष (दिन/रात 8 घंटे प्रतिदिन) | – | |
| 2 | ई.पी.एफ (नियोक्ता का अंशराशि का प्रतिशत) | 13 % | |
| 3 | ई.एस.आई.सी (नियोक्ता का अंशराशि का प्रतिशत) | 3.25 % | |
| | **कुल** | | |
| 4 | सेवा शुल्क का प्रतिशत (न्यूनतम 3.85 प्रतिशत से अधिकतम 07 प्रतिशत तक मान्य होगा) | | |

**नोटः–** 1. बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा सितम्बर, 2025 में जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) का दर निर्धारण किया जायेगा।

2. बिहार सरकार द्वारा लागू वैध जी.एस.टी. दर अलग से देय होगा।

**घोषणः–** प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा से संबंधित सभी जानकारी पढ़कर एवं समझकर उपरोक्त दर भरा गया है।

दिनांक–

एजेंसी प्रमुख का हस्ताक्षर–..............................

एजेंसी प्रमुख का नाम–....................................

एजेंसी का नाम एवं पता–.................................

.....................................................................

मोबाईल नं0–..................................................

**अनुलग्नक–3**

रु. 1000/– (एक हजार रूपये) मात्र का नन्–जुडिसियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित किया जाएगा।

**प्रारूप**

## एकरारनामा

यह एकरारनामा पटना में दिनांक .............. को बिहार बाल भवन किलकारी, सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना (संस्था)

**तथा**

मेसर्स ............................................. (एजेन्सी/सुरक्षा एजेन्सी) के बीच किया जा रहा है।

1. बिहार बाल भवन किलकारी द्वारा अपने परिसर, भवन एवं कार्यालय की सुरक्षा के लिए मेसर्स ............................................. को अधिकृत किया जा रहा है। सुरक्षा एजेन्सी को किलकारी में सुरक्षा गार्ड (अशस्त्र) की सेवा के लिए निर्धारित दर में भुगतान किया जाएगा।
2. बिहार बाल भवन किलकारी के परिसर की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी उक्त एजेन्सी की होगी। उक्त अवधि में यदि कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है तो किलकारी संस्था के द्वारा सुरक्षा एजेन्सी से स्पष्टीकरण पूछा जा सकता है और उनकी गलती सिद्ध होने पर अनुबंध समाप्त करने का निदेश दिया जा सकता है तथा आवश्यक कार्रवाई एवं वित्तीय दण्ड दिया जा सकता है।

3. कार्यादेश के उपरांत किलकारी में जमा की गयी सुरक्षा जमा राशि (Security deposit) रु.6,00,000/– (छः लाख रूपये) मात्र की राशि को एकरारनामा अवधि तक जमानत राशि (Security Money) के रूप में किलकारी कार्यालय में जमा रखी जाएगी। वित्तीय दण्ड दिये जाने पर इस राशि से या विपत्र की राशि से कटौती की जा सकती है। कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं एकरारनामा अवधि समाप्त होने पर इस राशि को वापस किया जा सकता है। इस राशि पर किलकारी द्वारा किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
4. कार्य में असक्षम पाये जाने पर सुरक्षा कर्मी को तत्काल बदलना होगा। बिहार बाल भवन किलकारी की सहमति से ही एजेन्सी तैनात सुरक्षा कर्मी को बदल सकेगी।
5. कार्य की आवश्यकता को देखते हुए जितनी संख्या में महिला/पुरूष सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता होगी उतनी संख्या में एजेन्सी को ससमय उपलब्ध करानी होगी।
6. किसी सुरक्षा गार्ड की छुट्टी/अनुपस्थिति की स्थिति में एजेन्सी को अन्य कर्मी की उपलब्धता की वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी, जिसके लिये किसी तरह का अतिरिक्त भुगतान 'किलकारी' द्वारा नहीं किया जाएगा।
7. सुरक्षा गार्ड बिना सूचना या वैकल्पिक व्यवस्था के अनुपस्थित नही रहें, यह एजेन्सी की जिम्मेदारी होगी।
8. एजेन्सी सुरक्षा गार्ड को तय निर्धारित मजदूरी/मानदेय का भुगतान करेंगे। साथ ही संबंधित सुरक्षा गार्ड का EPF एवं ESIC की अंशराशि भी ससमय जमा कराना एजेन्सी की जिम्मेदारी होगी। निर्धारित मानेदय तथा EPF एवं ESIC अंशराशि की देय राशि की पुष्टि हेतु प्रतिमाह अगले माह के विपत्र के साथ जमा करेंगे।
9. सुरक्षा गार्ड को बदले की स्थिति में नये गार्ड को उसके कार्यो एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराना होगा तथा इसकी जानकारी किलकारी को लिखित रूप से देनी होगी।

10. सुरक्षा गार्ड हेतु निर्धारित प्रशिक्षण पूरा करने वाले सुरक्षा गार्ड ही डियूटी पर तैनात किये जाएगे।
11. सुरक्षा गार्ड की सेवा प्रदान करने में आवश्यक/वैधानिक नियमों का पालन सुरक्षा एजेन्सी द्वारा किया जाएगा। वैधानिक नियमो की अवहेलना होने पर बिहार बाल भवन किलकारी जिम्मेदार नहीं होगी।
12. कार्य पर तैनात किये जाने वाले सुरक्षा कर्मी का नाम, पूरा पता, सम्पर्क नम्बर, आधार कार्ड, पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत वैध आचरण प्रमाण–पत्र के साथ संस्था को लिखित रूप में देना होगा।
13. किलकारी में सेवा देने वाले सुरक्षा गार्ड एवं निर्धारित सुपरवाईजर से एजेन्सी अनुलग्नक–(क) के रूप में संलग्न शर्त्तों एवं दिशा निर्देशो को ध्यान में रख कर सेवा देगी।
14. एजेन्सी द्वारा प्रत्येक माह प्रत्येक किलकारी साईट का न्यूनतम चार बार साईट विजिट किया जायेगा। जिसमें कम से कम दो औचिक निरीक्षण होगा। प्रत्येक निरीक्षण/साईट विजिट की लिखित जानकारी (प्रतिवेदन) किलकारी को उपलब्ध करायेंगे।
15. एजेन्सी द्वारा अधिकृत सुपरवाईजर होंगे जो किलकारी आच्छादित जिले में तैनात होंगे जो दिन एवं रात, कभी भी किलकारी साईट विजिट करने हेतु सक्षम होंगे।
16. एजेन्सी प्रत्येक माह एक निर्धारित प्रपत्र में किलकारी के प्रत्येक साईट के संबंधित/अधिकृत पदाधिकारी से लिखित रूप में फिडबैक/सुझाव लेंगे।
17. एजेन्सी के पास एक ऐसा एप्प या सिस्टम होगा जिससे सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति एवं सुपरवाईजर की किलकारी साईट विजिट की उपस्थिति की वास्तविक जानकारी प्राप्त करेंगे एवं इसका रिर्पोट किलकारी को भी उपलब्ध करायेंगे।
18. माह में कम से कम एक बार ब्रांच मैनेजर/एजेन्सी के वरीय पदाधिकारी को किलकारी के सभी साईट पर भ्रमण कर किलकारी के वरीय पदाधिकारी से सेवा सम्पुष्टि का फिडबैक/सुझाव लेंगे।
19. सुरक्षा कर्मी कम–से–कम मैट्रिक पास होना चाहिए।

20. सुरक्षा कर्मी की उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच का होनी चाहिए।
21. कार्य पर तैनात सुरक्षा कर्मी का ड्रेस/वर्दी (संस्था द्वारा निर्धारित शर्ट, पैन्ट, बैल्ट, जुता आदि) एवं आवश्यक सामग्री सुरक्षा एजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
22. एजेन्सी को गृह विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचित 'निजी सुरक्षा अभिकरण अधिनियम' (Private security agencies regulation Act) के अद्यतन नियमावली का पालन कर कार्य कराना होगा।
23. एजेन्सी को बिहार बाल भवन किलकारी द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा।
24. पहला एकरारनामा एक वर्ष का होगा। एक वर्ष के उपरान्त एजेन्सी की कार्य की समीक्षा कर अनुबंध विस्तार पर विचार किया जा सकता है।
25. सुरक्षा गार्ड का दैनिक मजदूरी/मानदेय दर में परिवर्तन का अधिकार निदेशक किलकारी को होगा।
26. अनुबंध से संबंधित किसी प्रकार का विवाद आदि के संबंध में निदेशक, किलकारी बिहार बाल भवन का निर्णय अंतिम होगा एवं वह एजेन्सी को मान्य होगा।
27. अनुबंध से संबंधित संस्था एवं एजेन्सी के बीच विवाद होने पर न्यायायिक अधिकार क्षेत्र पटना होगा।
28. संस्था के निर्देश/एकरारनामा में निहित शर्त्तो का उल्लंघन होने की स्थिति में एकरारनामा रद्द किया जा सकता है।
29. कार्य संतोषप्रद न होने पर एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

संबंधित संस्था के प्रमुख या
अधिकृत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर
संस्था का पता ..............

प्रशासी पदाधिकारी
बिहार बाल भवन किलकारी
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–4

अनुलग्नक–3 (क)

## किलकारी बिहार बाल भवन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने से संबंधित एजेन्सी एवं एजेन्सी कर्मियों के कार्य जिम्मेदारी एवं शर्तें–

1. प्रत्येक सुरक्षा गार्ड का पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट किलकारी में जमा करना है।
2. प्रत्येक सुरक्षा गार्ड को यूनिफॉर्म, कैप, नेम प्लेट, आईडी–कार्ड, उपलब्ध कराना होगा।
3. प्रत्येक सुरक्षा गार्ड ड्यूटी अवधि में यूनिफॉर्म, कैप, नेम प्लेट, आईडी–कार्ड में व्यवस्थित रूप से रहेंगे।
4. सुरक्षा गार्ड सक्रिय, अपने कार्य के प्रति सतर्क एवं निष्ठावान होना चाहिये।
5. प्रत्येक सुरक्षा गार्ड अपने समय अनुसार ड्यूटी पोस्ट पर आना सुनिश्चित करेंगे।
6. जब तक सुरक्षा गार्ड के अगले साथी (शिफ्ट के अनुसार) अपने पोस्ट पर नहीं पहुँचेंगे वो अपने पोस्ट पर ही रहेंगे।
7. सुरक्षा गार्ड का व्यवहार सही हो, बच्चों, उनके माता–पिता, आगंतुकों एवं किलकारी कार्यालय कर्मियों के साथ सटिक व्यवहार होना चाहिये।
8. प्रत्येक शनिवार अगले सप्ताह (सोमवार से रविवार) का किलकारी द्वारा उपलब्ध कराये गयी फॉर्मेट में 'Security Guards Weekly Plan' किलकारी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करना होगा।
9. किलकारी में उपलब्ध कराये जानेवाले सुरक्षा गार्ड की सूची सम्पर्क नंबर के साथ देना होगा।
10. सुरक्षा गार्ड के अवकाश में जाने व बदलाव की स्थिति में किलकारी कार्यालय को पूर्व सूचना देना होगा एवं किलकारी की ओर से अनुमति लेना आवश्यक होगा।
11. प्रत्येक शिफ्ट में किसी एक गार्ड के पास स्मार्ट फोन होना आवश्यक होगा। जिससे कि आवश्यकतानुसार किलकारी साइट से फोटो खींचकर किलकारी के संपर्क कर्मियों को भेजा जा सके।
12. यदि किलकारी परिसर में कोई घटना होती है तो सुरक्षा गार्ड तुरंत उसकी जानकारी किलकारी कार्यालय को देंगे। साथ ही उसकी जानकारी सम्बंधित सुरक्षा गार्ड एजेन्सी के अधिकारी को भी देंगे।
13. सुरक्षा गार्ड रात्रि में किलकारी परिसर में कम से कम दस से बारह बार पेट्रोलिंग करेंगे।
14. प्रत्येक सुरक्षा गार्ड अपना काम आदेश के अनुसार ही करेंगे।
15. किसी भी समय गार्ड की अनुपस्थिति व गलत व्यवहार के कारण सम्बंधित गार्ड को किलकारी में ड्यूटी देने की तत्काल प्रभाव से पाबंदी लगा दी जायेगी।
16. कम–से–कम दो सुरक्षा गार्ड किलकारी साइट इन्चार्ज के रूप में उपलब्ध रहना होगा।

17. वर्तमान सुरक्षा गार्ड की संख्या में ही 'जनरल शिफ्ट' में एक महिला सुरक्षा गार्ड का व्यवस्था करना होगा। मुख्यतः किलकारी राज्य मुख्यालय (पटना) में एवं किलकारी प्रमण्डल बाल भवनों में आवश्यकतानुसार।
18. नये सुरक्षा गार्ड के किलकारी कार्यालय में संपर्क कर्मी के साथ परिचय कराने के उपरान्त ही ड्यूटी पर रखना है।
19. किसी भी आगंतुक (बच्चों के माता–पिता/अभिभावक, विक्रेता, सेवा–प्रदाता व अन्य) के आने पर गार्ड को किलकारी के सम्बंधित कर्मी से पहले अनुमति लेकर ही परिसर के अन्दर व कार्यालय में मिलने के लिए भेजेंगे।
20. आगंतुको का Visitor Record में इन्ट्री एवं हस्ताक्षर अवश्य कराना होगा।
21. किलकारी परिसर में कर्मियों के आने एवं जाने का उपस्थिति सटिक रूप से उपस्थिति पंजी में बनाना होगा।
22. किलकारी परिसर में सामग्री आने पर सम्बंधित आगत पंजी में एंट्री कर किलकारी कार्यालय में स्टोर इन्चार्ज को सूचित करना है।
23. किलकारी परिसर में सामग्री बाहर जाने पर सम्बंधित कर्मी (जिनके द्वारा सामग्री बाहर भेजा जायेगा) का हस्ताक्षर एवं किसी किलकारी के किसी वरीय पदाधिकारी का हस्ताक्षर होना अतिआवश्यक है। इसकी जाँच कर ही सामग्री बाहर ले जाने देना है, अन्यथा नहीं। सम्बंधित पंजी में एंट्री भी करना है।
24. सामग्री (Returnable) जो बाहर भेजा गया था, वापिस आने पर जाँच कर सम्बंधित पंजी में इन्ट्री कर ही किलकारी परिसर में अन्दर आने देना है। यदि सामग्री खराब व टूटा–फूटा पाया जाय तो इसका विवरण Remarks कॉलम में अवश्य अंकित करना है। साथ ही 'स्टोर इन्चार्ज' को सूचित करना है।

## प्राथमिकता के बिन्दु का प्रपत्र

| क्र0 सं0 | विवरणी | बिन्दु हेतु निर्धारित अंक | प्राप्त जानकारी अंकित एवं संलग्न करें | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिहार के सभी 9 प्रमण्डल मुख्यालय, जिले–पटना, गया, भागलपुर, दरभंगा, छपरा, मुजफ्फरपुर, पूर्णियां, सहरसा एवं मुंगेर में से किस–किस जिले में एजेन्सी की शाखा है? पत्राचार का पता, संपर्क नं. आदि के साथ अपने लेटर हेड पर अंकित कर संलग्न करेंगे। | 1 से 9 अंक (प्रत्येक प्रमण्डल के लिए एक) | | |
| 2 | एजेन्सी वर्तमान में कुल कितने प्रमण्डल जिले में सेवा उपलब्ध करा रही है। पत्राचार का पता, संपर्क नं. आदि के साथ अपने लेटर हेड पर अंकित कर संलग्न करेंगे। | 1 से 9 अंक (प्रत्येक प्रमण्डल के लिए एक) | | |
| 3 | एजेन्सी का वार्षिक टर्न ओवर वित्तीय वर्ष 2024–25 | 1–2 करोड़–1 अंक<br>2–4 करोड़–2 अंक<br>4–6 करोड़–3 अंक<br>6–8 करोड़–4 अंक<br>8– अधिक– 5 अंक | | |
| 4 | वर्तमान में बिहार के 9 प्रमण्डल के कुल किस–किस प्रमण्डल मुख्यालय जिलों में मोनिटरिंग स्टाफ/सुपरवाईजर तैनात है। विवरणी संलग्न करे। | 1 से 9 अंक (प्रत्येक प्रमण्डल के लिए एक) | | |
| 5 | क्या सुरक्षागार्ड की उपस्थिति की मोनिटरिंग ऑनलाईन माध्यम यथा किसी एप्प या जीपीएस सिस्टम से जांच की जाती है? विवरणी अंकित करे। इसके लिए दो संस्थान से लिखित प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें। | (हाँ के लिए–2 अंक एवं नहीं के लिए–0 (शून्य) अंक) | | |
| 6 | क्या एजेन्सी के प्रतिनिधि अपने साईट पर माह में कम से कम दो बार साईट विजिट करते है? इसके लिए दो संस्थान से लिखित प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें। | (हाँ के लिए–2 अंक एवं नहीं के लिए–0 (शून्य) अंक) | | |
| 7 | क्या एजेन्सी माह में कम से कम एक बार अपने साईट पर आकर सेवा प्राप्तकर्त्ता (संस्थान) से सुझाव लेते है एवं कार्य/सेवा संतुष्टि feedback form जमा करते है? इसके लिए दो संस्थान से लिखित प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें। | (हाँ के लिए–2 अंक एवं नहीं के लिए–0 (शून्य) अंक) | | |
| 8 | क्या ऑनलाइन feedback portal एजेन्सी के पास उपलब्ध है? जिससे सेवा प्राप्तकर्त्ता (संस्थान) सीधे एजेन्सी के वरीय पदाधिकारी को अपना सुझाव/समस्या बता सके? यदि हाँ तो विवरणी संलग्न करे। इसके लिए दो संस्थान से लिखित प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें। | (हाँ के लिए–2 अंक एवं नहीं के लिए–0 (शून्य) अंक) | | |

**नोटः–** तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता का वित्तीय निविदा में न्यूनतम एवं एक समान दर आने की स्थिति में प्राथमिकता के बिन्दुओं पर मूल्यांकन करते हुए अधिक अंक पाने वाले एजेन्सी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

**घोषणः–** उपरोक्त अनुसार उपलब्ध करायी गयी जानकारी सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।

हस्ताक्षरः.................................................
(निविदादाता/अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मुहर सहित)
नामः.......................................................